मेट्रो 3 का इस माह होगा परीक्षण

मुंबई (प्रतिनिधि), कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो 3 मार्ग पर परीक्षण के लिए मेट्रो कोचों के सफल कनेक्शन के बाद पहला परीक्षण 28 अगस्त के बाद किया जाएगा। यह जानकारी मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने दी है। वह मेट्रो 3 के संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। मेट्रो 3 मार्ग की पहले कोच पिछले सप्ताह मरोल-मरोशी में अस्थायी कारशेड में प्रवेश कर गई थी। इस कोच को सफलतापूर्वक जोड़ा गया है। भिड़े ने यह भी कहा कि अगली प्रक्रिया पूरी करने के बाद अगस्त के अंत तक मेट्रो ट्रेन का परीक्षण किया जाएगा।